PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Punjab Kesari, Delhi
Wednesday, 15th August 2018; Page: 2
Width: 7.04 cms; Height: 20.62 cms; a4; ID: 46.2018-08-15.9

आज सब निगाहें मोदी पर

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले से पांचवीं बार स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करेंगे। 2019 लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी का ये अंतिम स्वतंत्रता दिवस भाषण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 71वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से बुधवार को दिए जाना वाला भाषण बहुत अहम होगा। 2019 लोकसभा चुनाव से पहले ये उनका अंतिम स्वतंत्रता दिवस भाषण होगा। ऐसे में पूरी संभावना है कि इस बार पीएम मोदी भाषण में अपनी सरकार के रिपोर्ट कार्ड का हवाला देते हुए उपलब्धियों को गिनाएंगे और कुछ नए वादे करेंगे।

प्रधानमंत्री के नाते मोदी का ये पांचवां स्वतंत्रता दिवस भाषण होगा. इंडिया टुडे फैक्ट चेक टीम ने प्रधानमंत्री मोदी के पिछले चार साल के स्वतंत्रता दिवस भाषणों का विश्लेषण किया कि वो किन मुद्दों पर लगातार बात करते रहे हैं और इस साल उनके भाषण से क्या उम्मीदें की जा सकती हैं। गुड्स एंड सर्विस टैक्स के बीते साल लागू होने के एक महीने के भीतर ही पीएम मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में सहकारी संघवाद को वास्तविकता बताया था। सफलतापूर्वक जीएसटी की मिसाल दुनिया के सामने है। इस साल मोदी आंकड़ों के साथ जीएसटी की कामयाबी को गिना सकते हैं।